Khabroon Ki Duniya, Jaipur June 24, 2022

स्टूडेंट्स सुनहरे भविष्य के सपने देखे, हम करेंगे सच : प्रो. धीरज सांघी

- वाइस चांसलर ने गिनाई यूनिवर्सिटी की विशेषताएं, कहा- ग्लोबल पेरामीटर्स पर लगातार आगे बढ रही है यूनिवर्सिटी।
- जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी को नैक से 'ए' ग्रेड प्राप्त होने के अवसर पर आयोजित हुई प्रेसवार्ता।
- वीसी ने कहा कि यहां की इंजीनियरिंग प्रदेश के टॉप फाइव में है तो डिजायन कोर्स प्रदेश में नंबर वन।
- इंजीनियरिंग के औसत पैकेज देश के श्रेष्ठ संस्थाओं की तरह।

खबरों की दुनिया

जयपुर। जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी के बीटेक स्टूडेंट्स का औसत पैकेज इस वर्ष सात लाख से अधिक है। आईआईटी और बिट्स पिलानी जैसे देश के श्रेष्ठ संस्थानों में ही इस तरह का पैकेज मिल सकता है। जेकेएलयू के वाइस चांसलर प्रो. धीरज सांघी ने ये बात गुरूवार को राजापार्क के एक निजी होटल में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारो से कही। यूनिवर्सिटी को हाल ही में (नेशनल एसेसमेंट एंड एक्रिडेशन कौंसिल) नैक की ओर से दी गई 'ए' ग्रेड के सर्टिफिकेट अनावरण अवसर पर आयोजित इस प्रेसवार्ता में उन्होंने यूनिवर्सिटी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी अपने जेके ग्रुप के नैतिक मानवीय मूल्यों के साथ मजबूती से आगे बढ रही है, जहां दिखावे और छलावे का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि 'हम जो कहते हैं वो करते हैं, स्टूडेंट्स के सुनहरे भविष्य के सपने देखें, हम उसे सच करने का माद्दा रखते हैं।' पहली बार में ही नैक से 'ए' ग्रेड प्राप्त होना यूनिवर्सिटी के शिक्षा के बेहतर स्तर को दर्शाती है। प्रेसवार्ता के दौरान प्रो. वाइस चांसलर प्रो आशीष गुप्ता ने भी संबोधित किया। उन्होंने यूनिवर्सिटी के नवाचारो पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा फोकस 'लर्निंग बाई डूईंग' के साथ स्टूडेंट्स के सर्वांगीण विकास पर रहता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की पहली 'प्रोमेसिंग फ्यूचर रेडी यूनिवर्सिटी' का तमगा भी यूनिवर्सिटी के सिर पर है, जिसका अर्थ है हम स्टूडेंट्स के बेहतर भविष्य का वायदा करते है।

इंजीनियरिंग में टॉप फाइव में शुमार : सांघी ने कहा कि यूनिवर्सिटी इंजीनियरिंग कोर्स में तमाम मापदंडो पर प्रदेश के टॉप पांच शिक्षण संस्थानों में अपना स्थान रखती है तो वहीं डिजायन के क्षेत्र में यह प्रदेश में पहले स्थान पर है। इसके अतिरिक्त अन्य कोर्सेज मसलन बीबीए, बीसीए आदि में भी ग्लोबल लेवल का कॅरिकुलम है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां स्टूडेंट फैकल्टी का अनुपात 1:13 का है, जो के दुनिया के श्रेष्ठ संस्थाओं में ही पाया जाता है।

दुनिया के श्रेष्ठ संस्थानों से टाई-अप : सांघी ने कहा कि यूनिवर्सिटी के टाई-अप दुनिया के नामचीन शिक्षण संस्थानों से हैं और ये टाई-अप दिखावटी नहीं है, हर साल बडी संख्या में स्टूडेंट्स यहां पढने जाते हैं। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी के बीटेक स्टूडेंट्स थर्ड और फोर्थ ईयर की पढाई यूके की सर्वाधिक एम्पलायबिलिटी देने वाली यूनिवर्सिटी ऑफ बर्मिंघम से कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त जेकेएलयू का यूनिवर्सिटी ऑफ फ्लोरिडो, ओलिन समेत कई विश्वस्तरीय विदेशी यूनिवर्सिटीज के साथ टाई-अप है एवं हर साल बडी संख्या में स्टूडेंट्स को वहां जाकर पढने का मौका मिलता है। इसके साथ ही देश की आईआईटी गांधीनगर, ट्रिपलआईटी दिल्ली जैसी कई देश के नामचीन कॉलेजो से विभिन्न एजुकेशन एक्सचेंज प्रोग्राम चल रहे हैं।